[न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे] मुंबई, शुक्रवार, 15 मई 2026 । मूल्य 0.00, कुल पृष्ठ 5 | वर्ष: 12, डिजिटल अंक: 217, प्रधान संपादक: पवन जैन पदमावत | +91-9594542679 | www.padmavatmedia.in | padmavatmedia@gmail.com

दैनिक हिन्दी राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

# पदमावत मीडिया

Reg. No. MH180326353

डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र व राजस्थान से प्रकाशित

**अनमोल वचन**

बिना उत्साह के आज तक कोई भी महान उपलब्धि पाई नहीं जा सकी है।

वीएसएचएफए का मुंबई में .... 02 | 04 जोधपुर में ट्रक से 675 कार्टन ...

## खबर संक्षेप

### भिवंडी में महिला की हत्या का सनसनीखेज मामला उजागर

## क्राइम ब्रांच यूनिट-2 ने कौशलपूर्ण जांच कर आरोपी को किया गिरफ्तार

**भिवंडी/ठाणे @ पदमावत मीडिया।** भिवंडी शहर पुलिस थाना क्षेत्र में महिला की हत्या कर शव को जलाकर सबूत मिटाने के




सनसनीखेज मामले का क्राइम ब्रांच यूनिट-2 ने पदार्फाश करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने प्रेम संबंधों को लेकर विवाद के बाद महिला की हत्या कर शव को प्लास्टिक के बोरे में भरकर सुनसान मैदान में ले जाकर आग के हवाले कर दिया था। पुलिस के अनुसार यह मामला भिवंडी शहर पुलिस थाना में दर्ज अपराध क्रमांक 301/2026 से संबंधित है। घटना 11 मई 2026 से 12 मई 2026 के बीच की बताई जा रही है। मृतका की पहचान सरितादेवी विकास महतो उम्र 33 वर्ष के रूप में हुई है।

### प्रेम संबंधों को लेकर हुआ विवाद

जांच में सामने आया कि आरोपी संजय मुकादम उर्फ द्वारकाप्रसाद वर्मा का मृतका के साथ प्रेम संबंध था। आरोपी महिला से लगातार संपर्क में रहना चाहता था, लेकिन महिला द्वारा उससे बातचीत नहीं करने और मोबाइल देने से इनकार करने पर दोनों के बीच विवाद हो गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने महिला को अपने कमरे पर बुलाया, जहां विवाद बढ़ने पर 11 मई की शाम करीब 5 बजे उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपी रात होने का इंतजार करता रहा। इसके बाद 12 मई की रात करीब 2:30 बजे आरोपी ने महिला के शव को प्लास्टिक के बोरे में भरकर कंधे पर उठाया और पद्मानगर स्थित दुर्गा प्रसाद होटल के पास खुले मैदान में ले गया। वहां कपड़ों के धागों एवं अन्य सामग्री की मदद से शव को जलाकर सबूत मिटाने का प्रयास किया गया। मामले में भिवंडी शहर पुलिस थाना में भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103, 283, 126 एवं 351 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्राइम ब्रांच यूनिट-2 भिवंडी के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शीतल राऊत एवं उनकी टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची। प्रारंभिक जांच में कोई प्रत्यक्ष सबूत नहीं मिलने के बावजूद पुलिस ने घटनास्थल के आसपास स्थित पावरलूम कारखानों एवं मजदूर बस्तियों में गहन पूछताछ की। गुप्त सूचना तंत्र एवं तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने आरोपी द्वारिकाप्रसाद गिरिधारीप्रसाद वर्मा उर्फ संजय मुकादम उम्र 42 वर्ष निवासी पद्मानगर, भिवंडी को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत सलूम्बर पुलिस की कार्रवाई:

## 8 माह से फरार 501 रुपये का टॉप-10 ईनामी अपराधी गिरफ्तार

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** महानिरीक्षक पुलिस उदयपुर रेंज गौरव श्रीवास्तव के आदेशानुसार जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ एवं गिरफ्तारी को




लेकर चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत सलूम्बर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी के मामले में 8 माह से फरार चल रहे 501 रुपये के टॉप-10 ईनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सलूम्बर विशनाराम के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन चावला एवं वृत्ताधिकारी सलूम्बर हेरम्ब जी जोपी के निकट सुपरविजन में जिलेभर में ईनामी एवं टॉप-10 अपराधियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिला स्तर, वृत्त स्तर एवं थाना स्तर पर विशेष टीमों का गठन किया गया है। इसी क्रम में झल्लारा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए चोरी के प्रकरण में वांछित 501 रुपये के ईनामी एवं टॉप-10 अपराधी लालिया मीणा पिता भेरा मीणा निवासी सड़ा मानपुर थाना सलूम्बर जिला सलूम्बर को बेडावल के घने जंगलों से गिरफ्तार किया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पंसेरी गांव में ग्रामीणों से किया संवाद

### विकास कार्यों की कार्ययोजना तैयार करने और बजट घोषणाओं के त्वरित क्रियान्वयन के दिए निर्देश, सुन्धा माता मंदिर में की पूजा-अर्चना

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**जालोर/जयपुर ।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गुरुवार को जालोर जिले के पंसेरी गांव का दौरा कर ग्रामीणों से आत्मीय संवाद किया। सुबह की सैर के दौरान मुख्यमंत्री गांव की गलियों में पहुंचे और ग्रामीणों से रामा-श्यामा करते हुए कृषि, पशुपालन एवं ग्रामीण विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने स्कूली बच्चों से भी बातचीत की और उन्हें चॉकलेट व टॉफियां वितरित कर मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया।

मुख्यमंत्री ने गांव के विभिन्न मंदिरों में दर्शन कर प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। गांव में जगह-जगह ग्रामीणों ने साफा पहनाकर मुख्यमंत्री का स्वागत एवं अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री का सहज और आत्मीय व्यवहार ग्रामीणों के बीच विशेष आकर्षण का केंद्र बना रहा।

इसके बाद मुख्यमंत्री पंसेरी गांव की चौहटा पर पहुंचे, जहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जिला कलेक्टर को सुन्धा माता मंदिर से मालवाड़ा तक तथा पंसेरी गांव से नीलकंठ महादेव तक सड़क उन्नयन की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही पंसेरी गांव में खेल स्टेडियम के लिए भूमि चिन्हित करने, क्षेत्र की जल आवश्यकता को देखते हुए एनीकट निर्माण की व्यवहार्यता रिपोर्ट तैयार करने तथा मालवाड़ा में सब्जी मंडी निर्माण की योजना बनाने के निर्देश भी दिए।













मुख्यमंत्री ने क्षेत्र में नवीन ट्रांसफार्मर लगाने एवं पंसेरी गांव में पशु चिकित्सालय के लिए भूमि आवंटन की प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने जालोर जिले के लिए बजट में की गई घोषणाओं के प्रभावी एवं त्वरित क्रियान्वयन पर विशेष जोर देते हुए अधिकारियों से विकास कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा।

दौरे के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रसिद्ध सुन्धा माता मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की खुशहाली, समृद्धि एवं सुख-शांति की कामना की। इस अवसर पर सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग, उद्योग एवं वाणिज्य राज्यमंत्री के.के. विश्नोई, विधायक छगन सिंह राजपुरोहित सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान पुलिस कल्याण निधि बोर्ड की 26वीं बैठक आयोजित

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** राजस्थान पुलिस परिवार के कल्याण, सुरक्षा एवं सामाजिक संबल को और अधिक मजबूत बनाने की दिशा में बुधवार को राजस्थान पुलिस कल्याण निधि बोर्ड की 26वीं बैठक पुलिस मुख्यालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने की।

बैठक में पुलिसकर्मियों एवं उनके परिवारों के हितों से जुड़े विभिन्न विषयों पर गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ चर्चा करते हुए कई महत्वपूर्ण और दूरदर्शी निर्णय लिए गए।

पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस बल का मनोबल मजबूत बनाए रखना और उनके परिवारों को सुरक्षा एवं सम्मान का भाव देना विभाग की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। उन्होंने कल्याणकारी योजनाओं में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

बैठक में राजस्थान पुलिस कल्याण निधि के वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्यय विवरण को अनुमोदित किया गया। साथ ही वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए।

### सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को भी मिलेगा लाभ

बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए यह तय किया गया कि अब सेवारत पुलिसकर्मियों के साथ-साथ सेवानिवृत्त पुलिसकार्मिकों को भी गंभीर एवं



दीर्घकालिक बीमारियों के इलाज में होने वाले खर्च के लिए पुलिस कल्याण निधि से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस निर्णय को पुलिस परिवारों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है।

### प्रसूति व्यय पर आर्थिक सहायता का निर्णय

बैठक में पुलिस परिवारों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से संतान ऑपरेशन प्रसूति के दौरान गंभीर परिस्थितियों में होने वाले अतिरिक्त चिकित्सा व्यय पर निर्धारित सीमा तक आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया। इससे आर्थिक रूप से परेशान होने वाले पुलिस परिवारों को राहत मिलेगी।

### दिवंगत कांस्टेबल की ऋण राशि माफ

बैठक में तृतीय बटालियन आरएसी बीकानेर के दिवंगत कांस्टेबल रतनदीप मीणा के निधन के बाद उनके नाम स्वीकृत 5 लाख रुपये की बकाया ऋण राशि को अपलेखित करने का निर्णय भी लिया गया।

### छात्रवृत्ति दरों में संशोधन पर होगा परीक्षण

सीआईडी-सीबी जयपुर के हेड कांस्टेबल हरिकिशोर द्वारा तकनीकी एवं व्यवसायिक छात्रवृत्ति की दरों को बढ़ाने और समान करने का विषय भी बैठक में रखा गया। बोर्ड ने इस प्रस्ताव का परीक्षण कर आगामी बैठक में निर्णय लेने की बात कही।

### पुलिस कैंटीन और लाइब्रेरी होंगी आधुनिक

बैठक में पुलिस लाइंस में संचालित पुलिस कैंटीनों एवं लाइब्रेरी को आधुनिक और सुविधायुक्त बनाने के लिए अपग्रेडेशन प्रस्ताव आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। डीजीपी शर्मा ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं पुलिसकर्मियों के मनोबल एवं कार्यक्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

### नवसृजित जिलों में खुलेंगी सीपीसी कैंटीनें

नवगठित जिलों एवं यूनिटों में सीपीसी कैंटीन खोलने के प्रस्ताव भी आमंत्रित किए जाएंगे, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में कार्यरत पुलिसकर्मियों को भी समान रूप से सुविधाओं का लाभ मिल सके।

### कल्याणकारी कार्यों के लिए मांगे जाएंगे प्रस्ताव

बैठक में राजस्थान पुलिस कल्याण निधि नियम 1986 के तहत समस्त जिलों, यूनिटों एवं प्रशिक्षण संस्थानों से कल्याणकारी कार्यों के लिए आवश्यक प्रस्ताव एवं एस्टीमेट आमंत्रित करने का निर्णय भी लिया गया।

बैठक में अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस कल्याण एवं आधुनिकीकरण डॉ. प्रशाखा माथुर, डीआईजी कुंवर राष्ट्रदीप सहित बोर्ड के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## नगर निगम जयपुर के स्वास्थ्य निरीक्षक सहित निजी व्यक्ति 5 हजार की रिश्वत लेते ट्रैप

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जयपुर नगर-द्वितीय इकाई ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर निगम जयपुर के वार्ड संख्या 99 के स्वास्थ्य निरीक्षक और एक निजी व्यक्ति को 5 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। एसीबी से प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपियों में दिनेश कुमार, स्वास्थ्य निरीक्षक वार्ड संख्या 99 नगर निगम जयपुर तथा प्रकाश चंद नामक निजी व्यक्ति शामिल हैं। आरोपियों पर परिवादी की मार्च 2026 की सैलरी जारी करने की एवज में प्रतिमाह 5 हजार रुपये रिश्वत मांगने का आरोप है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को शिकायत मिली थी कि स्वास्थ्य निरीक्षक दिनेश कुमार और निजी व्यक्ति प्रकाश चंद आपस में मिलीभगत कर परिवादी से वेतन बनाने के बदले हर महीने रिश्वत की मांग कर रहे हैं तथा राशि देने के लिए दबाव बना रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद उप महानिरीक्षक पुलिस-द्वितीय ओमप्रकाश मीणा के सुपरविजन में एसीबी जयपुर नगर-



द्वितीय इकाई ने शिकायत का सत्यापन कराया। सत्यापन के दौरान आरोपियों द्वारा 5 हजार रुपये प्रतिमाह रिश्वत लेने पर सहमति मिलने के बाद ट्रैप कार्रवाई की योजना बनाई गई। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र के नेतृत्व में तथा पुलिस उप अधीक्षक अभिषेक पारीक की टीम ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को परिवादी से 5 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। एसीबी ने बताया कि आरोपी दिनेश कुमार वर्तमान में वार्ड संख्या 99 नगर निगम जयपुर में स्वास्थ्य निरीक्षक के पद पर कार्यरत है, जबकि प्रकाश चंद रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित प्रकाश होजरी नामक दुकान संचालित करता है। कार्रवाई के बाद दोनों आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। एसीबी ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान शुरू कर दिया है।

## ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत भादसोड़ा थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई, हिस्ट्रीशीटर सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**चित्तौड़गढ़ @ पदमावत मीडिया।** **चित्तौड़गढ़।** भादसोड़ा थाना पुलिस ने ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत कार्रवाई करते हुए 9.43 ग्राम अवैध एमडीएमए पाउडर के साथ दो आरोपियों को




गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बिना नंबर की मोटरसाइकिल भी जब्त की है। जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकुल शर्मा एवं डीएसपी भदेसर विनोद कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी महेंद्र सिंह के नेतृत्व में हाईवे पर नाकाबंदी के दौरान कार्रवाई की गई। पुलिस ने रवि खटीक निवासी मंगलवाड़ एवं मुकेश उर्फ कान्हा निवासी नंगावली को गिरफ्तार किया। आरोपी रवि खटीक मंगलवाड़ थाने का हिस्ट्रीशीटर बताया गया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बसों और सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के गहने चोरी करने वाली शातिर महिला गैंग गिरफ्तार

**पदमावत मीडिया**
padmavatmedia@gmail.com

**ठाणे ।** बसों एवं सार्वजनिक स्थानों पर महिलाओं के बैग और पर्स से सोने के आभूषण चोरी करने वाली शातिर महिला चोर गैंग का ठाणे क्राइम ब्रांच यूनिट-1 ने पदार्फाश करते हुए दो महिला आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 37 लाख 19 हजार रुपये कीमत के करीब 25 तोला सोने के आभूषण बरामद किए हैं। कार्रवाई के दौरान ठाणे पुलिस आयुक्तालय क्षेत्र के कुल 9 चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार 9 मार्च 2026 को कळवा पुलिस थाने में एक मामला दर्ज कराया गया था। शिकायतकर्ता अंजनी दत्तात्रेय सूर्यवंशी उम्र 72 वर्ष निवासी पारसिक नगर, कळवा, बस से खारेगांव नाका से ओजोन वैली बस स्टॉप तक यात्रा कर रही थीं। इसी दौरान उनके आसपास खड़ी तीन महिलाओं ने आपस में मिलीभगत कर उनके हाथ में रखे बैग से 12 तोला सोने के आभूषणों से भरा पर्स चोरी कर लिया।



मामले में कळवा पुलिस थाने में भारतीय न्याय संहिता की धारा 303(2) एवं 3(5) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। परिमंडल-1 क्षेत्र में इस प्रकार की वारदातें लगातार बढ़ने पर वरिष्ठ अधिकारियों ने मामले के त्वरित खुलासे के निर्देश दिए थे।

### सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग

क्राइम ब्रांच यूनिट-1 की टीम ने घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। तकनीकी विश्लेषण और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी महिलाओं की पहचान की। गिरफ्तार आरोपियों में संगीता दशरथ पीठकर उम्र 45 वर्ष निवासी मुलुंड पश्चिम मुंबई तथा सुरेखा बजरंग गायकवाड उम्र 47 वर्ष निवासी मुलुंड पश्चिम मुंबई शामिल हैं। दोनों मूल रूप से सोलापुर जिले की रहने वाली हैं।

पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पिछले दो वर्षों से ठाणे आयुक्तालय क्षेत्र के कळवा, राबोडी, ठाणे नगर एवं नौपाड़ा पुलिस थाना क्षेत्रों में चोरी की वारदातों को अंजाम दे रही थीं।

### 39 मामलों का खुलासा

जांच में आरोपियों द्वारा किए गए कुल 9 मामलों का खुलासा हुआ है। इनमें कळवा पुलिस थाने के कई मामले, ठाणे नगर, राबोडी और नौपाड़ा पुलिस थाना क्षेत्र में दर्ज चोरी के मामले शामिल हैं।

पुलिस ने आरोपियों से चोरी किए गए 25 तोला सोने के आभूषण बरामद किए हैं, जिनकी बाजार कीमत करीब 37 लाख 19 हजार रुपये बताई जा रही है।

## खबर संक्षेप

### सलूम्बर जिले में कुण थाना पुलिस की बड़ी सफलता:

## ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के तहत ठेकेदार बनकर 2 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को दबोचा

**सलूम्बर @ पदमावत मीडिया।** जिले में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन सुदर्शन चक्र-2 के



तहत कुण थाना पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए दो वर्षों से फरार चल रहे एक शातिर स्थाई वारंटी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस टीम ने ठेकेदार और मजदूर बनकर जाल बिछाया। जिला पुलिस अधीक्षक सलूम्बर विशनाराम विश्नोई के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतन चावला एवं वृत्ताधिकारी सलूम्बर हेरम्ब जोशी के निकट सुपरविजन में थानाधिकारी निलेश कुमार के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आरोपी कालु पिता गोंदा मीणा निवासी माणतालाव थाना कुण, जो पिछले दो वर्षों से गिरफ्तारी से बचने के लिए नाम और हुलिया बदलकर कीर की चौकी क्षेत्र में रह रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन आरोपी लगातार अपनी लोकेशन बदलकर पुलिस को गुमराह करता रहा। रात्रि होने पर पुलिस टीम भीण्डर क्षेत्र में रुकी। अगले दिन जानकारी मिली कि आरोपी प्रतिदिन सुबह मजदूरी के लिए कीर की चौकी चौराहे पर खड़ा रहता है। इस पर पुलिस टीम ठेकेदार और मजदूर बनकर मौके पर पहुंची और काम देने के बहाने संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखी। मुखबिर के इशारे पर पुलिस टीम आरोपी के पास पहुंची और नाम-पता पूछने पर उसने अपना नाम कालु पिता गोंदा मीणा निवासी माणतालाव बताया। आरोपी थाना कुण के तीन प्रकरणों में वांछित पाया गया, जिस पर पुलिस ने अपनी पहचान बताकर उसे डिटेन कर थाना लाया और गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी बेहद शातिर प्रवृत्ति का है, जो मोबाइल फोन का उपयोग नहीं करता था तथा लगातार अपना हुलिया बदलकर रह रहा था। गिरफ्तार आरोपी कालु पिता गोंदा मीणा निवासी माणतालाव थाना कुण जिला सलूम्बर है। इस कार्रवाई में थानाधिकारी निलेश कुमार, कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह (विशेष भूमिका), अरविन्द सिंह (विशेष भूमिका), सूर्यवीर सिंह एवं अजय सिंह शामिल रहे।

## उदयपुर पुलिस की आदर्श यातायात जोन योजना शुरू

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** शहर की यातायात व्यवस्था को अधिक सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से उदयपुर



पुलिस द्वारा आदर्श यातायात जोन योजना का शुभारंभ किया गया है। राजस्थान पुलिस द्वारा वर्ष 2026 में सड़क सुरक्षा एवं बेहतर यातायात प्रबंधन को प्राथमिकताओं में शामिल किए जाने के तहत यह पहल शुरू की गई है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा की निगरानी में शुरू की गई इस योजना के प्रथम चरण में यूआईटी चौराहे से सहेलियों की बड़ी होते हुए फतेहपुरा चौकी तक मुख्य मार्ग को आदर्श यातायात जोन के रूप में चिन्हित किया गया है। यह मार्ग शहर के सबसे व्यस्त एवं प्रमुख मार्गों में शामिल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में आमजन एवं पर्यटक आवागमन करते हैं। यह सड़क शहर के प्रमुख पर्यटन स्थलों को भी जोड़ती है। योजना के तहत इस मार्ग पर यातायात संचालन को व्यवस्थित बनाने, सड़क सुरक्षा बढ़ाने तथा जाम की स्थिति को कम करने के लिए विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यूआईटी के सहयोग से नो-वेंडिंग जोन में खड़े ठेलों को हटाया जा चुका है तथा शेष अतिक्रमण को भी यूडीए के सहयोग से हटाने की कार्रवाई जारी है।

### सड़क संकेतक, पार्किंग व्यवस्था और सुरक्षित क्रॉसिंग पर फोकस

आदर्श यातायात जोन योजना के तहत सड़क संकेतक, रोड मार्किंग, पार्किंग एवं नो-पार्किंग व्यवस्था, पैदल यात्रियों के लिए सुरक्षित क्रॉसिंग, ऑटो एवं अन्य वाहनों के सुव्यवस्थित संचालन सहित कई सुधारात्मक कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी।

### एआई के दौर में युवाओं को कल्चरल इंटेलिजेंस और सोल डेवलपमेंट अपनाने का आह्वान

# वीएसएचएफए का मुंबई में प्रथम महाधिवेशन एवं यूथ सम्मेलन आयोजित

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com







**मुंबई/जयपुर ।** विश्व सिंधी हिंदू फाउंडेशन ऑफ एसोसिएशंस (वीएसएचएफए) की ओर से मुंबई में प्रथम जनरल बॉडी मीटिंग एवं यूथ सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष, संगठन के मुख्य संरक्षक एवं सिंधी समाज के प्रमुख नेता वासुदेव देवनानी ने युवाओं को संबोधित करते हुए समाज की एकता, सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर विस्तार से विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज सदैव एकजुट रहा है और यही उसकी सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के दौर में कल्चरल इंटेलिजेंस और सोल डेवलपमेंट को भी समान महत्व दें।

### तकनीक के साथ संस्कार भी जरूरी

वासुदेव देवनानी ने कहा कि आधुनिक युग में केवल तकनीकी दक्षता पर्याप्त नहीं है, बल्कि युवाओं को तकनीक में आधुनिक और आत्मा से भारतीय बनना होगा। उन्होंने कहा कि डिजिटल स्किल्स, नवाचार, स्वरोजगार और प्रोफेशनल ट्रेनिंग के साथ-साथ चरित्र निर्माण, नैतिक मूल्य, आध्यात्मिक विकास और सकारात्मक सोच पर भी बल देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि ज्ञान, कौशल और संस्कार का समन्वय ही विकसित भारत 2047 की मजबूत नींव बनेगा।

### एआई के साथ सांस्कृतिक चेतना का संतुलन जरूरी

उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मशीनों को स्मार्ट बना सकता है, लेकिन सांस्कृतिक बुद्धिमत्ता, संवेदनशीलता और भारतीय दर्शन ही मानवता को सही दिशा देंगे। युवाओं को रामायण, गीता और सनातन परंपराओं का अध्ययन करने की आवश्यकता है, क्योंकि इनमें जीवन मूल्यों के साथ वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी निहित है।

उन्होंने कहा कि मशीनें कार्य कर सकती हैं, लेकिन दिल और आत्मा का विकास ही इंसान को विशिष्ट बनाता है।

### राष्ट्र प्रथम की भावना अपनाने का संदेश

कार्यक्रम में वासुदेव देवनानी ने युवाओं से जातिवाद और क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर राष्ट्र प्रथम की भावना अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को सकारात्मक, स्वच्छ और मूल्य आधारित राजनीति में भागीदारी निभानी चाहिए तथा नेटवर्किंग, नॉलेज शेयरिंग और वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए स्वयं को तैयार करना चाहिए। उन्होंने युवाओं की नेतृत्व क्षमता, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी पर भी जोर दिया।

### प्रधानमंत्री की योजनाओं की सराहना

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना करते हुए आयुष्मान भारत, स्टार्टअप इंडिया, शिक्षा, रोजगार और किसान कल्याण से जुड़ी योजनाओं को देश के विकास में महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

### जिये सिंध, वदे हिंद के नारों से गूंजा सभागार

कार्यक्रम के अंत में वासुदेव देवनानी ने जिये सिंध, वदे हिंद का नारा लगाकर उपस्थित लोगों में उत्साह भर दिया। सभागार तालियों और जयघोषों से गूंज उठा। इस अवसर पर सांसद शंकर लालवानी, डॉ. गुरमुख जगवानी, डॉ. पीटर धलवानी, सतेन्द्र कुमार भावनानी, भारत दुदानी, किशोर कुमार पारवानी, डॉ. राजू वी. मनवानी, हीरालाल लोखचंदानी, कुमार लीलानी, वीरेंद्र कुकरेजा, दिलीप लखानी, राजू खेतवानी, डॉ. पहुझा, निर्मला वाधवानी, महेश मालकानी एवं एस. कुमार सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे कार्यक्रम में बॉलीवुड से जैकी श्रॉफ, रमेश तोरानी, पलक मुच्छल, मिथुन और रेमो डिसूजा सहित कई प्रमुख हस्तियों की भी उपस्थिति रही।

### जैकी श्रॉफ के जवाब ने जीता दिल

कार्यक्रम के दौरान वासुदेव देवनानी ने जैकी श्रॉफ से पूछा कि वे देश सेवा में क्या योगदान दे रहे हैं। इस पर जैकी श्रॉफ ने मुस्कुराते हुए कहा कि वे देश में हरियाली बिछा रहे हैं। उनके इस जवाब पर सभागार तालियों से गूंज उठा। कार्यक्रम में सम्मान समारोह भी आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न अतिथियों एवं प्रतिभागियों को शॉल, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मेवाड़ की आन-बान के साथ कोटा में स्थापित हुआ शिवधाम

### 77वें श्री एकलिंग दीवान डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने की श्री नर्मदेश्वर महादेव शिवलिंग की स्थापना

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**कोटा/उदयपुर ।** राजस्थान के सुप्रसिद्ध कोटा जिले में श्री मंगलमय चमत्कारी धाम हनुमान सेवा समिति की ओर से आयोजित श्री नर्मदेश्वर महादेव शिवलिंग स्थापना समारोह श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। श्री मंगलमय चमत्कारी हनुमान मंदिर एवं कॉमर्स कॉलेज ग्राउंड में आयोजित इस भव्य धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में शिवभक्तों एवं श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। इस पावन अवसर पर मेवाड़ के 77वें श्री एकलिंग दीवान श्रीजी हुजूर डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए। वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक विधि-विधान के मध्य उनके करकमलों द्वारा श्री नर्मदेश्वर महादेव शिवलिंग की विधिवत स्थापना की गई। आयोजन के दौरान पूरा परिसर हर-हर महादेव के जयघोषों से गूंज उठा।

### भगवान शिव की कृपा से मिलती है दिव्य शक्ति

शिवलिंग स्थापना के अवसर पर विशाल जनसमूह एवं शिवभक्तों को संबोधित करते हुए डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि भगवान आशुतोष शिव जब किसी भक्त की सच्ची भक्ति से प्रसन्न होते हैं, तभी उसे दिव्य शक्ति प्राप्त होती है। यही शक्ति जीवन से अविद्या और अंधकार को दूर कर साधक को उसके इष्ट की प्राप्ति का मार्ग दिखाती है। उन्होंने कहा कि मेवाड़ पर भगवान शिव की सदैव विशेष कृपा रही है तथा भगवान श्री एकलिंगनाथ जी मेवाड़ के वास्तविक अधिपति के रूप में प्रतिष्ठित हैं। मेवाड़ के महाराणाओं ने स्वयं को सदैव प्रभु श्री एकलिंगनाथ जी का सेवक एवं न्यासी मानते हुए एकलिंग दीवान के रूप में राज्य, संस्कृति और सनातन परंपराओं के संरक्षण का कार्य किया है।

### पंद्रह सौ वर्षों से सेवा और संस्कृति की परंपरा

डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ ने कहा कि लगभग पंद्रह सौ वर्षों से मेवाड़ के दीवान प्रभु श्री एकलिंगनाथ जी की सेवा में समर्पित रहकर मानव धर्म एवं सनातन संस्कृति के आदर्शों का निर्वहन करते आ रहे हैं। यही कारण है कि जन-जन ने श्रद्धा और आस्था के साथ मेवाड़ के दीवान को श्री एकलिंग दीवान के रूप में स्वीकार किया है। उन्होंने आयोजन समिति एवं समस्त शिवभक्तों को इस भव्य धार्मिक आयोजन के लिए शुभकामनाएं देते हुए श्री नर्मदेश्वर महादेव से कोटा क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि एवं निरंतर प्रगति की मंगलकामना की।

# मातृ स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए आरएनटी मेडिकल कॉलेज अलर्ट

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर ।** राजकीय मेडिकल कॉलेज कोटा में सामने आई घटना के बाद राज्य सरकार के निर्देशों की अनुपालना में रवींद्रनाथ टैगोर मेडिकल कॉलेज प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। मातृ मृत्यु की घटनाओं की रोकथाम एवं चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सुरक्षित एवं जवाबदेह बनाने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज प्रशासनिक भवन में अति आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक डॉ. राहुल जैन ने की, जिसमें आरएनटी मेडिकल कॉलेज से संबद्ध सभी चिकित्सालयों के अधीक्षक एवं विभागाध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक के दौरान सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के अधीक्षक डॉ. विपिन माथुर ने विस्तृत प्रेजेंटेशन देते हुए चिकित्सा क्षेत्र में एविएशन सेफ्टी मॉडल लागू करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि विमानन उद्योग ने अपनी त्रुटियों से सीखकर सुरक्षा मानकों को विश्वस्तरीय बनाया है और उसी प्रकार चिकित्सा क्षेत्र में भी बहुस्तरीय सुरक्षा तंत्र विकसित करने की जरूरत है। उन्होंने स्विस चीज मॉडल का उदाहरण देते हुए बताया कि कई छोटी-छोटी व्यवस्थागत विफलताएं मिलकर बड़ी दुर्घटना का कारण बनती हैं, जिन्हें समय रहते सुरक्षा घेरों और सतर्क मॉनिटरिंग से रोका जा सकता है।

### मातृ एवं शिशु सुरक्षा के लिए लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

बैठक में निर्णय लिया गया कि अस्पताल के प्रत्येक विभाग में होने वाली मृत्यु का विस्तृत ऑडिट किया जाएगा तथा इसकी निगरानी के लिए विशेष कमेटी गठित होगी। मातृ एवं शिशु सुरक्षा के लिए स्पष्ट मापदंड तय किए जाएंगे और उन्हें आमजन के साथ भी साझा किया जाएगा। जनाना चिकित्सालय की व्यवस्थाओं का बाहरी विशेषज्ञों से मूल्यांकन कराने का भी निर्णय लिया गया। इसके तहत एम्स जोधपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों को निरीक्षण के लिए आमंत्रित करने का प्रयास किया जाएगा ताकि कमियों की पहचान कर आवश्यक सुधार किए जा सकें।

आपातकालीन परिस्थितियों जैसे कोड ब्लू एवं ऑब्सटेट्रिक हेमरेज से निपटने के लिए नियमित मॉक ड्रिल आयोजित करने, संक्रमण दर एवं प्रोटोकॉल पालन की रियल टाइम मॉनिटरिंग हेतु डिजिटल डैशबोर्ड स्थापित करने तथा सभी आईसीयू में एबीजी, लेक्टेट टेस्ट, ईसीजी, इको एवं यूएसजी जैसी जांचों की बेडसाइड सुविधा उपलब्ध करान पर भी जोर दिया गया।

### जनाना अस्पताल में बढ़ेगी सुविधाएं

पन्नाधाय महिला चिकित्सालय में मरीजों की लगातार बढ़ती संख्या को देखते हुए ओपीडी काउंटर बढ़ाने के निर्देश दिए गए। साथ ही अतिरिक्त प्राचार्य डॉ. विजय गुप्ता की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय उच्च स्तरीय कमेटी गठित की गई है, जिसके संयोजक महाराणा भूपाल अस्पताल अधीक्षक डॉ. आर.एल. सुमन होंगे। यह कमेटी आईसीयू, लेबर रूम, ऑपरेशन थिएटर एवं वार्डों का निरीक्षण कर दो दिन में सुधार संबंधी सुझाव प्रस्तुत करेगी।

# वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान को लेकर मुख्य सचिव की वर्चुअल बैठक

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**सलूंबर ।** राज्य सरकार द्वारा प्रस्तावित वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान को लेकर गुरुवार को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में वर्चुअल बैठक आयोजित हुई। बैठक में अभियान की रूपरेखा, उद्देश्यों, विभागीय जिम्मेदारियों एवं पूर्व तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने बताया कि वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान की शुरूआत 25 मई को ग्राम-2026 अभियान के समापन अवसर पर की जाएगी तथा यह अभियान विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून तक संचालित रहेगा। इस दौरान प्रदेशभर में जल संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन एवं जनजागृति से जुड़े विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य जल संग्रहण एवं जल संरक्षण को जनजागृति के माध्यम से जन आंदोलन का स्वरूप देना है। इसके तहत नवीन जल संचय संरचनाओं की शुरूआत, पूर्ण कार्यों का लोकार्पण एवं अवलोकन, जल स्त्रोतों एवं नदी-नालों की साफ-सफाई, पारंपरिक जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार तथा वर्षा जल संग्रहण को बढ़ावा देने जैसे कार्य किए जाएंगे।

मुख्य सचिव ने कहा कि जल संरक्षण केवल सरकारी कार्यक्रम बनकर न रहे, बल्कि आमजन की सक्रिय भागीदारी से जन अभियान बने। इसके लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान को भी जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए अधिकाधिक पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधियों को अभियान से जोड़ने के निर्देश दिए।

बैठक में बताया गया कि अभियान के सफल संचालन में जल संसाधन विभाग, जलग्रहण एवं भू-संरक्षण विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, वन विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, राजीविका, ऊर्जा विभाग, खेल विभाग तथा सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित विभिन्न विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। सभी विभागों को समन्वय के साथ अभियान के उद्देश्यों की प्रभावी पूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

मुख्य सचिव ने विभिन्न जिलों के जिला कलेक्टरों से संवाद कर तैयारियों की जानकारी ली तथा पूर्व निर्धारित गतिविधियों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अभियान से जुड़ी सभी गतिविधियों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित हो सके।

जिले में वीसी कक्ष से आयोजित बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. सापेला ने अधिकारियों को मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप समयबद्ध प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत अधिकाधिक जॉब कार्ड सक्रिय करने के लिए विकास अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक आयोजित की जाए तथा ग्रामीण स्तर पर रोजगार एवं विकास कार्यों को गति दी जाए। उन्होंने कर्मभूमि से मातृभूमि की भावना के साथ सभी विभागों को समन्वित कार्ययोजना बनाकर अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत विभागवार निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि जल संरक्षण एवं पर्यावरण संवर्धन से जुड़े कार्यों में जनभागीदारी को प्राथमिकता दी जाए, ताकि अभियान का सकारात्मक प्रभाव ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में दिखाई दे सके।

### आयुर्वेद विभाग एवं जिला प्रशासन की पहल

## सलूंबर में हेल्थ एंड वेलनेस बाय योगा अभियान का भव्य शुभारंभ

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में आयुर्वेद विभाग एवं जिला प्रशासन



सलूंबर के संयुक्त तत्वावधान में हेल्थ एंड वेलनेस बाय योगा अभियान का उत्साहपूर्ण शुभारंभ किया गया। अभियान के माध्यम से जिले में योग को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में योग फॉर सेल्फ एंड फैमिली, योग @ 365 डेज थीम के साथ नियमित योगाभ्यास के महत्व पर विशेष जोर दिया गया। इसके अंतर्गत प्रत्येक गुरुवार प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक सलूंबर के प्रमुख स्थलों सेरिंग तालाब एवं जयसमंद पाल पर सामूहिक योग सत्र आयोजित किए जाएंगे। अभियान के प्रथम दिन विद्यार्थियों, महिलाओं एवं आमजन ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। प्रतिभागियों ने योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का संकल्प भी लिया।

## खबर संक्षेप

### पीडीसीईटी 2026 में डॉ. नूरुद्दीन बोहरा की शानदार सफलता

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** उदयपुर के युवा चिकित्सक डॉ. नूरुद्दीन बोहरा ने पीडीसीईटी 2026 परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 63वीं रैंक हासिल कर मेवाड़ का गौरव बढ़ाया है।



वर्तमान में शाहपुरा के कृष्णा हॉस्पिटल में फैमिली फिजिशियन के रूप में सेवाएं दे रहे डॉ. बोहरा पूर्व में दिल्ली के ईएसआईसी हॉस्पिटल, दीनदयाल उपाध्याय हॉस्पिटल तथा भीलवाड़ा के महात्मा गांधी एवं अरिहंत हॉस्पिटल में भी सेवाएं दे चुके हैं। डॉ. बोहरा ने व्यस्त चिकित्सकीय सेवाओं के बीच नियमित तैयारी कर यह सफलता हासिल की। उन्होंने चीन की शानडोंग फर्स्ट मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस किया है। उन्हें महात्मा गांधी हॉस्पिटल में दो बार बेस्ट डीएनबी रेजिडेंट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनकी इस उपलब्धि पर चिकित्सा जगत एवं शुभचिंतकों ने खुशी जताते हुए बधाई दी।

### प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत दावा राशि का निस्तारण

**सलूंबर @ पदमावत मीडिया।** जिले के झल्लारा ब्लॉक स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की भबराना शाखा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति



बीमा योजना के अंतर्गत दावा राशि का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। योजना के तहत स्वर्गीय कमला बाई की नामांकित राशि उनके पति गोतिया जी को तथा स्वर्गीय जयंती लाल की दावा राशि उनके नामांकित पिता कमला जी को प्रदान की गई। शाखा प्रबंधक रविन्द्र आमेटा के नेतृत्व में बैंक शाखा द्वारा दोनों दावा प्रकरणों का त्वरित एवं संवेदनशीलता के साथ निस्तारण किया गया। इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक प्रवीण सिंह, वित्तीय साक्षरता सलाहकार ओम शर्मा, वित्तीय साक्षरता केंद्र सलूंबर के भीमराज मीणा तथा श्रम सारथी एसोसिएशन से संतोष जोशी उपस्थित रहे। शाखा प्रबंधक रविन्द्र आमेटा ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाएं कम प्रीमियम में आमजन को जीवन एवं दुर्घटना बीमा सुरक्षा उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने आमजन से इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की।

### आंगनवाड़ी केंद्रों का समय बदला

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** भीषण गर्मी के चलते आंगनवाड़ी केंद्रों के समय में बदलाव किया गया है। 16 मई से 30 जून तक आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों का समय सुबह 7 बजे से 10 बजे तक रहेगा। जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल ने भीषण गर्मी के मद्देनजर बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन समय में बदलाव का आधिकारिक आदेश जारी किया। आदेश के अनुसार 16 मई से 30 जून 2026 तक बच्चों के लिए केंद्र सुबह 7 बजे से 10 बजे तक खुलेंगे। मानदेय कर्मियों को सुबह 7 बजे से 11 बजे तक उपस्थित रहना होगा । निदेर्शों की अवहेलना करने वाले केंद्रों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**कुराबड़ थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई:**

### अवैध नशीली दवाईयों के विरुद्ध 50 कोडीन युक्त शीशियां जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जिले में अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कुराबड़ थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 50 कोडीन युक्त शीशियां जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय गोपाल स्वरूप मेवाड़ा एवं पुलिस उप अधीक्षक वृत्त गिर्वा गोपाल चन्देल के सुपरविजन में थानाधिकारी तेजु सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रवीण पिता जगदीश उम्र 20 वर्ष निवासी भल्लो का छोटा गुड़ा थाना कुराबड़ जिला उदयपुर के कब्जे से 50 कोडीन युक्त शीशियां, प्रत्येक 100 एमएल, जब्त की। पुलिस ने आरोपी प्रवीण को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया है।

## श्री राव दूदाजी मूर्ति अनावरण समारोह में उमड़ा जनसैलाब

# पाकिस्तान ने भारत पर नजर उठाई तो करारा जवाब मिलेगा : राजनाथ सिंह

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**नागौर/जयपुर ।** केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में देश की सुरक्षा नीति में ऐतिहासिक बदलाव हुए हैं। भारत ने पूरी दुनिया को स्पष्ट संदेश दिया है कि आतंकवाद के खिलाफ देश की नीति जीरो टॉलरेंस की है। यदि पाकिस्तान ने भारत की ओर नजर उठाने की कोशिश की तो उसे ऐसा जवाब मिलेगा, जो अब तक नहीं हुआ होगा।

केंद्रीय रक्षा मंत्री गुरुवार को नागौर जिले के मेड़ता में आयोजित श्री राव दूदाजी मूर्ति अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान की वीर भूमि सदियों से त्याग, शौर्य और राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा देती रही है। यहां का हर घर देश सेवा की भावना से जुड़ा हुआ है और बड़ी संख्या में युवा सेना में जाकर मातृभूमि की रक्षा करते हैं। उन्होंने कहा कि वीर शिरोमणि राव दूदाजी का जीवन शौर्य, पराक्रम और संकल्प का अद्भुत उदाहरण है। उनका व्यक्तित्व नई पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान का संदेश देता है। अश्वारोही प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्रहित में समर्पित जीवन जीने की प्रेरणा देती रहेगी।

### आतंकवाद के खिलाफ भारत की सख्त नीति

राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेना ने 2016 की सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 की बालाकोट एयर स्ट्राइक और हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से दुनिया को अपनी सैन्य क्षमता का परिचय दिया है। उन्होंने कहा कि भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन यदि कोई भारत को चुनौती देता है तो उसे छोड़ा भी नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश में भारी आक्रोश था और भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए दुश्मनों को करारा जवाब दिया। भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर स्तर तक जाने में सक्षम है।

### महिलाओं का सम्मान भारतीय संस्कृति की पहचान

केंद्रीय रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ह्यविकास भी और विरासत भीह्ल की सोच के साथ कार्य कर रहे हैं। देश के महापुरुषों और जननायकों की प्रेरणादायक




विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान भारतीय संस्कृति की आत्मा है। केंद्र सरकार महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए लगातार कार्य कर रही है। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान से लेकर महिला सुरक्षा संबंधी सख्त कानून और नारी शक्ति वंदन अधिनियम जैसे फैसले महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

### भारतीय सेना के आधुनिकीकरण से बढ़ा देश का गौरव : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के नेतृत्व में भारतीय सेना का तेजी से आधुनिकीकरण हुआ है, जिससे आत्मनिर्भर भारत अभियान को नई गति मिली है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देकर देश का गौरव बढ़ाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राव दूदाजी ने राजस्थान की वीर परंपरा को नई पहचान दी। उनके जीवन से प्रेरणा लेकर युवाओं को राष्ट्र और समाज के लिए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान की धरती वीरों की भूमि है और यहां के लोगों ने हमेशा मातृभूमि की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिए हैं।

### गौरवशाली विरासत को सहेजने के लिए सरकार प्रतिबद्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के महापुरुषों और वीर विभूतियों की गौरवगाथा नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए प्रदेशभर में पेनोरमा विकसित कर रही है।









विभिन्न जिलों में वीरों, संतों और लोकनायकों के पेनोरमा निर्माण एवं विकास कार्य किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में कृषि, बिजली, पानी, सड़क और युवाओं के स्वरोजगार के क्षेत्र में तेजी से कार्य कर रही है। रामजल सेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौता, माही, देवास एवं सोम-कमला-अंबा जैसी परियोजनाओं पर तेजी से काम हो रहा है। किसानों को दिन में बिजली उपलब्ध कराई जा रही है तथा युवाओं को ब्याज मुक्त ऋण योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

### ग्राम-2026 में भागीदारी का आह्वान

मुख्यमंत्री ने किसानों से 23 से 25 मई 2026 तक जयपुर में आयोजित होने वाली ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट ग्राम-2026 में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक और नवाचार से खेती को लाभकारी बनाने की दिशा में राज्य सरकार निरंतर कार्य कर रही है।

### मीरा बाई पेनोरमा का किया अवलोकन

केंद्रीय कला, संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना ने आतंक के ठिकानों को ध्वस्त कर पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया। उन्होंने कहा कि लोकनायकों की प्रतिमाएं केवल स्मारक नहीं बल्कि इतिहास और प्रेरणा का प्रतीक होती हैं। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री ने मीरा बाई पेनोरमा का अवलोकन किया तथा श्री चारभुजा नाथ एवं मीराबाई मंदिर में दर्शन कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल, महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार, पूर्व राज्यपाल वी.पी. सिंह बदनौर, किसान आयोग अध्यक्ष सी.आर. चौधरी, राजस्थान धरोहर प्राधिकरण अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत, विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत, विधायक लक्ष्मण राम सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और आमजन मौजूद रहे।

## महिला सुरक्षा के लिए उदयपुर पुलिस का सख्त एक्शन

# सादा वर्दी और अदृश्य पुलिसिंग तकनीक से 5 बदमाश पकड़े, कार जब्त


पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** महिला सुरक्षा एवं सार्वजनिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से उदयपुर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे विशेष डिकॉय ऑपरेशन के तहत कालिका पेट्रोलिंग यूनिट लगातार कार्रवाई कर रही है। जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. अमृता दुहन के निदेर्शानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा के निर्देशन में संचालित इस अभियान के तहत सादा वस्त्रों एवं अदृश्य पुलिसिंग तकनीक के माध्यम से संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी रखी जा रही है।

पुलिस द्वारा 9 मई 2026 से शुरू किए गए इस विशेष अभियान के तहत शहर के पार्क, स्कूल-कॉलेज के आसपास, बस स्टैंड, भीड़भाड़ वाले इलाकों तथा महिलाओं और बालिकाओं से छेड़छाड़, फब्तियां कसने, चेन स्नैचिंग एवं अन्य अनुचित गतिविधियों की आशंका वाले स्थानों पर विशेष निगरानी की जा रही है।

इसी क्रम में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने थाना घंटाघर एवं अम्बामाता क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन एवं अनुचित व्यवहार करते हुए 5 लोगों को स्थानीय थाना पुलिस के सहयोग से डिटेन किया। कार्रवाई के दौरान एक कार भी जब्त की गई। पकड़े गए व्यक्तियों के खिलाफ









नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा अब तक कुल 12 लोगों को सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन, महिलाओं के प्रति अभद्र व्यवहार एवं अन्य अनुचित गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर पकड़ा जा चुका है। उदयपुर पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश ओझा के निर्देशन में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की सादा वर्दी एवं अदृश्य पुलिसिंग तकनीक के जरिए शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार गश्त और निगरानी जारी रहेगी।

## भारती हॉस्पिटल की चर्चा से गुजरात के मरीज भी आ रहे है

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**संवाददाता : माणकमल भंडारी**

**भीनमाल ।** निकटवर्ती ग्राम रेवदर में स्थित भारती हॉस्पिटल में नॉर्मल डिलीवरी कराने की चर्चा के कारण गुजरात के मरीज भी रूख कर रहे भारती हॉस्पिटल एवं सोनोग्राफी सेंटर की ओर। प्राप्त जानकारी अनुसार बीते दिन गुजरात के दो और राजस्थान के पाली, बाड़मेर और सिरोही, शिवगंज, रेवदर की आठ गर्भवती महिलाओं की नॉर्मल डिलीवरी करवाकर भारती हॉस्पिटल एवं सोनोग्राफी सेंटर के डॉक्टरों ने दिया मानवता का परिचय। बनासकांठा की देवासी और गरासिया समाज की, पाली के सुथार समाज की, बाड़मेर के राजपूत समाज की सिरोही के माली व देवासी समाज की शिवगंज की भील समाज, रेवदर (डाक) की कलबी समाज की महिलाओं का सामान्य प्रसव करवाया गया।

इन सभी महिलाओं को आगे किसी बड़े हॉस्पिटल रेफर किया गया था, लेकिन इन सभी को



भारती हॉस्पिटल एवं सोनोग्राफी सेंटर के डॉक्टरों की टीम पर पूरा भरोसा था। इसलिये सभी ने भारती हॉस्पिटल का रूख किया, जहाँ सभी के नॉर्मल डिलीवरी के सपने साकार हुए। इस कारण इनके परिवार में भी खुशियाँ छा गई। इसमे कल्बी समाज की महिला के दो जुड़वा बच्चों का सकुशल जन्म करवाया गया। सबसे हैरत अंगेज बात यह रही कि रामपुरा सिरोही की मुस्लिम समाज की महिला को प्लेट्लेट की कमी होने की वजह से सिरोही से उदयपुर मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल रेफर किया था। उदयपुर में इसका सिजेरियन ऑपरेशन होगा ऐसा बोला गया, लेकिन रामपुरा की किसी चाची की सलाह पर सीधे पहुंचे रेवदर के भारती हॉस्पिटल एवं सोनोग्राफी सेंटर जहाँ पर एकदम नॉर्मल डिलीवरी करवा कर मुस्लिम समाज की महिला को राहत प्रदान की गई।

**आरएमए ट्रेड लाइसेंस नहीं लेने पर नगर निगम की कार्रवाई**

## मालवीय नगर जोन में 3 प्रतिष्ठान किए बंद

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर ।** नगर निगम जयपुर ने आरएमए ट्रेड लाइसेंस के बिना संचालित हो रहे प्रतिष्ठानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए गुरुवार को मालवीय नगर जोन क्षेत्र में तीन प्रतिष्ठानों को बंद करवाया। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निदेर्शानुसार मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रश्मि कांकरिया के नेतृत्व में संयुक्त टीम द्वारा यह कार्रवाई की गई। नगर निगम की ओर से पूर्व में नोटिस जारी किए जाने के बावजूद संबंधित प्रतिष्ठानों द्वारा आरएमए ट्रेड लाइसेंस प्राप्त नहीं किया गया था। राजस्थान सरकार स्वायत्त शासन विभाग के आदेश क्रमांक 8(ग) नियम/डीएलबी/16/1680 दिनांक 31 जनवरी 2017 के तहत नियमानुसार कार्रवाई करते हुए संबंधित प्रतिष्ठानों को आरएमए लाइसेंस प्राप्त




करने अथवा आगामी आदेश तक बंद कर दिया गया। साथ ही प्रतिष्ठान संचालकों को लाइसेंस संबंधी उपविधियों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने कहा कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में संचालित होटल, रेस्टोरेंट, कैफे, कैंटीन, मिठाई की दुकान, बेकरी, कन्फेक्शनरी, नमकीन निर्माण इकाइयों, आइसक्रीम पार्लर एवं फैक्ट्रियों सहित सभी खाद्य व्यवसायों को नियमानुसार आरएमए ट्रेड लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है।

## कलाजत्था एवं मोबाईल एलईडी वैन से ग्रामीण अंचल तक कर रहे जागरूक

**ग्राम पंचायतों पर पहुंच रहे है ग्राम रथ, स्थानीय भाषा में दे रहे जानकारी**

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**प्रतापगढ़।** राजस्थान सरकार द्वारा कृषकों व पशुपालकों को सशक्त बनाने एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास के लिए चलाई जा रही प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों की जानकारी ग्रामीण अंचल तक पहुँचाने के उद्देश्य से एलईडी मोबाइल वैन आधारित जन-जागरूकता ग्राम रथ अभियान संचालित किए जा रहे है। इसी क्रम में गुरुवार को प्रतापगढ़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत मोठिया, खुंटवास, चिकली, शौली, खरखडा व धरियावद विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत टेकण, धावडी, मानपुरियों का गुडा, कूण, शोभजी गुडा व बलिचा सहित अन्य ग्राम पंचायतों में ग्राम रथ द्वारा प्रचार-प्रसार किया गया। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पर्वतसिंह चुण्डावत ने बताया कि रूट चार्ट के अनुसार 15 मई को प्रतापगढ़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत



साकरिया, रिछावरा, बिलेश्री, बडीबम्बोरी व धरियावद विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत ढिकिया, चन्दा का गुडा, कालीभीत, लकुकालेवा, भरेव व टटाकिया में जाकर ग्राम रथ प्रचार-प्रसार करेंगे। इसी तरह से 16 मई को प्रतापगढ़ विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत धामनडुगरी, डोजडा, बगडावत व 17 मई को कार्यालय पंचायत समिति प्रतापगढ़ एवं 16 मई को धरियावद विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत घाटा, धामनिया, लसाडिया, पाटला बावडी,





जगलावदा, सेवानगर व 17 मई को बिजणिया, दास का गुडा, बिलकावास व माण्डकला में जाकर ग्राम रथ प्रचार-प्रसार करेंगे।

## खबर संक्षेप

### आरजे सूरी बने जीएआरसी के ब्रांड एम्बेसडर और डायरेक्टर ऑफ मीडिया

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** प्रवासी राजस्थानियों के सबसे बड़े ग्लोबल संगठन ग्लोबल अलायंस ऑफ राजस्थानी कम्युनिटी




(जीएआरसी) ने एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की है। प्रसिद्ध रेडियो जॉकी और मीडिया पर्सनालिटी आरजे सूरी को संगठन का ब्रांड एम्बेसडर बनाए जाने के बाद अब डायरेक्टर ऑफ मीडिया की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है।जीएआरसी के अध्यक्ष रवि शर्मा ने आरजे सूरी को यह जिम्मेदारी देते हुए कहा कि उनकी मीडिया स्किल्स और राजस्थानी संस्कृति के प्रति समर्पण संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। संगठन के चेयरमैन विशाल मेहता के मार्गदर्शन में जीएआरसी पहले से ही दुनिया भर के राजस्थानियों को एक मंच पर ला रहा है। गोल्डन माइक अवॉर्ड विजेता, दो बार एसीईएफ ग्लोबल फोरम अवॉर्ड से सम्मानित और जीएआरसी सेवा अवॉर्ड प्राप्तकर्ता आरजे सूरी के मीडिया, टेलीविजन और एंटरटेनमेंट क्षेत्र में 15 वर्ष से अधिक का अनुभव है।नई भूमिका पर आरजे सूरी ने कहा: अपने लिए तो हर कोई काम करता है, लेकिन आप अपनी कम्युनिटी के लिए क्या कर सकते हैं – यही आपकी असली ताकत है। जीएआरसी ने उन्हें सेवा अवॉर्ड देकर ब्रांड एम्बेसडर बनाया था। उनके सोशल मीडिया के माध्यम से राजस्थानी संस्कृति के प्रचार-प्रसार और निरंतर सेवा भाव को देखते हुए अब उन्हें डायरेक्टर ऑफ मीडिया का पदभार सौंपा गया है।यह नियुक्ति प्रवासी राजस्थानियों की आवाज को और मजबूत करने तथा राजस्थान की संस्कृति, परंपराओं और प्रवासियों की सफल कहानियों को वैश्विक स्तर पर फैलाने की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है।जीएआरसी राजस्थानियों को अपनी जड़ों से जोड़ने, संस्कृति संरक्षण की फिलॉसफी के साथ काम कर रहा है।

### फ्लैगशिप योजनाओं और बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक आयोजित

**राजसमंद @ पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में 25 फ्लैगशिप योजनाओं, 37 बजट घोषणाओं एवं पंच गौरव कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न



विभागों की प्रगति की समीक्षा कर योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने कहा कि विभाग आपसी समन्वय एवं नियमित मॉनिटरिंग के साथ कार्य करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल रैंकिंग नहीं, बल्कि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन महत्वपूर्ण है। बैठक में जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, मुख्यमंत्री स्वनिधि योजना, लखपति दीदी, सोलर दीदी एवं अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, पर्यटन एवं खेल विकास से जुड़ी बजट घोषणाओं पर भी चर्चा हुई। कलेक्टर ने लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण करने तथा योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### ईंधन संरक्षण के लिए राज्यपाल की पहल

**जयपुर @ पदमावत मीडिया। जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने ईंधन संरक्षण को लेकर अपने आधिकारिक काफिले में वाहनों की संख्या कम करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आमजन से भी



सार्वजनिक परिवहन अपनाने और निजी वाहनों का कम उपयोग करने की अपील की। लोकभवन से एयरपोर्ट जाते समय राज्यपाल ने पायलट कार, एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड सहित अतिरिक्त वाहनों का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिए। इस संबंध में आदेश जारी कर काफिले में सीमित वाहन रखने को कहा गया है। राज्यपाल ने कहा कि ईंधन संरक्षण समय की आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक को इसमें जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के लिए अनावश्यक वाहन उपयोग से बचने की अपील की।

## विशेष निरोधात्मक अभियान में आबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई

# जोधपुर में ट्रक से 675 कार्टन अंग्रेजी शराब जब्त, प्रदेशभर में लाखों लीटर वॉश नष्ट

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निदेर्शानुसार प्रदेशभर में अवैध मदिरा निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष निरोधात्मक अभियान के तहत आबकारी विभाग लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। अभियान के दौरान विभिन्न जिलों में नाकाबंदी, दबिश और सघन गश्त के माध्यम से अवैध शराब के बड़े नेटवर्क पर कार्रवाई करते हुए हजारों लीटर वॉश नष्ट किया गया तथा बड़ी मात्रा में शराब जब्त की गई।







### 13 दिनों में 1294 अभियोग दर्ज, 537 आरोपी गिरफ्तार

आबकारी विभाग की ओर से 1 मई से 13 मई 2026 तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान प्रदेशभर में कुल 1294 अभियोग दर्ज किए गए। कार्रवाई के दौरान 4800 लीटर देशी शराब, 19 हजार 801 लीटर भारत निर्मित विदेशी मदिरा, 1678 लीटर बीयर, 20 लीटर स्प्रिट एवं 9191 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई।

इसके साथ ही प्रदेशभर में 3 लाख 74 हजार 877 लीटर वॉश नष्ट किया गया। अभियान के दौरान 11 बड़े वाहन, 3 चार पहिया वाहन एवं 41 दुपहिया वाहन सहित कुल 55 वाहन जब्त किए गए, जबकि 537 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### जोधपुर के ओसियां में 58 लाख की अंग्रेजी शराब पकड़ी

आबकारी आयुक्त नमित मेहता के निर्देशन में बुधवार रात जोधपुर एवं पाली आबकारी टीम की संयुक्त कार्रवाई में भारतमाला एक्सप्रेस-वे पर ओसियां क्षेत्र में एक 12 चक्का ट्रक को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान ट्रक से फोर सेल इन चंडीगढ़ मार्का विभिन्न ब्रांड की 675 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 58 लाख रुपए आंकी गई है। मौके से ट्रक चालक सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर प्रकरण दर्ज किया गया। इस कार्रवाई में जिला आबकारी अधिकारी पाली मनोज बिस्सा सहित मनोज ढाका, महेश शर्मा एवं आबकारी टीम जोधपुर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### बांसवाड़ा, जयपुर, अलवर सहित कई जिलों में कार्रवाई

बांसवाड़ा जिले के भापोर, सिंहपुर एवं कुशलगढ़ क्षेत्रों में आबकारी निरोधक दल ने कार्रवाई करते हुए 3 हजार लीटर वॉश एवं दो भट्टियां नष्ट कीं तथा 108 लीटर अवैध हथकड़ शराब जब्त की। जयपुर के चाकसू एवं चौमूं क्षेत्र में सीतापुरा, बगड़गिया, ढूंढ नदी, त्रिलोकपुरा, दांतली एवं हसतेड़ा गांवों में दबिश देकर 200 लीटर वॉश एवं शराब बनाने के उपकरण नष्ट किए गए। कार्रवाई के दौरान 23 लीटर हथकड़ शराब जब्त कर पूर्व से फरार चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

अलवर जिले के रामगढ़ क्षेत्र में 5 हजार लीटर वॉश, 6 भट्टियां, 130 लीटर हथकड़ शराब एवं 20 लीटर स्प्रिट जब्त कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

### डूंगरपुर और सागवाड़ा में भी बड़ी कार्रवाई

डूंगरपुर में ईको कार से 12 कार्टन किंगफिशर बीयर एवं रॉयल चैलेंज व्हिस्की के पव्वे बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वहीं सागवाड़ा क्षेत्र के मेडीटेंबा कडाना डेम बैकवॉटर स्थित बुझावाड़ा टापू पर कार्रवाई करते हुए 3500 लीटर वॉश नष्ट किया गया तथा 60 लीटर हथकड़ शराब जब्त की गई।

### चित्तौड़गढ़ में कंजर बस्ती पर दबिश

चित्तौड़गढ़ जिले की संवेदनशील कंजर बस्ती पिपलिया में आबकारी विभाग ने कार्रवाई करते हुए 3 हजार लीटर वॉश एवं 8 पुरानी भट्टियां नष्ट कीं। आबकारी विभाग के अनुसार प्रदेशभर में अवैध शराब के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# नव आरक्षकों का दीक्षांत समारोह सम्पन्न, डीजीपी कैलाश मकवाणा ने ली सलामी

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**भोपाल। 25वीं** वाहिनी विशेष सशस्त्र बल भोपाल में नव आरक्षकों का दीक्षांत समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि डीजीपी कैलाश मकवाणा ने परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया। डीजीपी ने कहा कि मध्यप्रदेश पुलिस का गौरवशाली इतिहास रहा है और आरक्षक पुलिस संगठन की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति हैं। उन्होंने नव आरक्षकों से साइबर अपराध, कानून व्यवस्था एवं आंतरिक सुरक्षा जैसी चुनौतियों से निपटने के लिए तकनीकी रूप से दक्ष बनने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ-2028 के लिए आधुनिक पुलिसिंग, ड्रोन सर्विलांस एवं सीसीटीवी मॉनिटरिंग जैसी तकनीकों में दक्षता आवश्यक होगी। डीजीपी ने कहा कि वर्दी धारण करने के बाद पुलिसकर्मी का एकमात्र धर्म जनसेवा, कानून पालन एवं राष्ट्रहित होता है। समारोह में नव आरक्षकों ने साइलेंट ड्रिल एवं योग प्रदर्शन प्रस्तुत किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन पर देवेंद्र कुमार गुप्ता एवं हर्षित कुशवाह सहित अन्य प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया गया।









## बालोतरा पुलिस का डिकॉय ऑपरेशन: कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने 03 मनचलों को दबोचा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**बालोतरा।** राजस्थान पुलिस के महिला सुरक्षा संकल्प अभियान के तहत बालोतरा पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर विशेष डिकॉय ऑपरेशन चलाया गया। अभियान के तहत कालिका पेट्रोलिंग यूनिट ने कार्रवाई करते हुए 03 मनचलों को दस्तयाब कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की। पुलिस अधीक्षक बालोतरा रमेश आईपीएस ने बताया कि महिलाओं व बालिकाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़, छींटाकशी एवं अभद्र घटनाओं की रोकथाम तथा मनचलों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफूलसिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी गीता कुमारी के नेतृत्व में कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा सादा



वस्त्रों में विशेष डिकॉय ऑपरेशन चलाया गया। अभियान के तहत महिला पुलिसकर्मियों को प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, स्कूल, कॉलेज, कोचिंग सेंटर, पब्लिक पार्क एवं संवेदनशील स्थानों पर तैनात कर निगरानी रखी गई। इसी दौरान 13 मई 2026 को मुगड़ा स्कूल ग्राउंड में तीन संदिग्ध युवक घूमते दिखाई दिए। महिला पुलिसकर्मियों ने तीनों को दस्तयाब कर पूछताछ की, जिसमें उन्होंने अपने नाम महेन्द्र कुमार, करण एवं हितेश कुमार बताए। सूचना मिलने पर थाना पचपदरा से पुलिस जाब्ता मौके पर पहुंचा और तीनों व्यक्तियों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 126/170 के तहत गिरफ्तार किया गया।

## मुश्किलों में भी मुस्कान बनाए रखें : प्रशांत अग्रवाल






पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** नारायण सेवा संस्थान के सेवा महातीर्थ परिसर में आयोजित अपनों से अपनी बात कार्यक्रम में संस्थान अध्यक्ष प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि जिंदगी कितनी भी मुश्किल क्यों न हो, मुस्कान हर राह को आसान बना देती है। कार्यक्रम में देशभर से उपचार एवं पुनर्वास के लिए आए दिव्यांगजन और उनके परिजनों ने भाग लिया। कई परिवारों ने संस्थान से मिले उपचार, कृत्रिम अंग एवं सहयोग के अनुभव साझा किए। प्रशांत अग्रवाल ने कहा कि सेवा का उद्देश्य केवल सहायता देना नहीं, बल्कि लोगों के जीवन में उम्मीद जगाना है। उन्होंने कहा कि संस्थान दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने संस्थान की सेवाओं एवं मानवीय संवेदनाओं की सराहना की।

## बेकरिया थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: मोटरसाइकिल साइड विवाद में युवक की हत्या का 7 दिन में खुलासा, 04 आरोपी गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** जिले के बेकरिया थाना पुलिस ने मोटरसाइकिल साइड विवाद में युवक की हत्या के मामले का मात्र 7 दिन में खुलासा करते हुए 04 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। मामले में कुल 06 आरोपियों को नामजद किया गया है, जबकि 02 अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। जिला पुलिस अधीक्षक उदयपुर डॉ. अमृता दुहन के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय गोपाल स्वरूप मेवाड़ा एवं वृत्ताधिकारी कोटड़ा डूंगरसिंह चुंडावत के सुपरविजन में थानाधिकारी उत्तमसिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने आसूचना एवं तकनीकी सहयोग से प्रकरण संख्या 74/2026 धारा 115(2), 189(2), 304(2), 103(1) बीएनएस 2023 में कार्रवाई करते हुए 04 आरोपियों को गिरफ्तार




किया।गिरफ्तार आरोपियों में भरत पुत्र पुनाराम उम्र 27 वर्ष निवासी बेकरिया जिला उदयपुर, राकेश पुत्र लसमा उम्र 20 वर्ष निवासी बेकरिया जिला उदयपुर, मुन्ना उर्फ मनीष पुत्र देवाराम उम्र 20 वर्ष निवासी मालेरा पिण्डवाड़ा जिला सिरोही तथा प्रवीण पुत्र काला उम्र 20 वर्ष निवासी मोरस पारिया पिण्डवाड़ा जिला सिरोही शामिल हैं। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी हाईवे पर रॉन्ग साइड से जा रहे थे। इसी दौरान सामने से सही दिशा में आ रहे मृतक एवं उसके साथियों के साथ साइड को लेकर विवाद हो गया, जिसके बाद आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया। घटना के अनुसार 07 मई 2026 को प्रार्थी मालाराम पुत्र लिंबाराम निवासी ठण्डीबेरी थाना पिण्डवाड़ा जिला सिरोही ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका भाई मेवाराम अपने परिवार एवं दोस्तों के साथ पीपली खेड़ा उदयपुर में एक कार्यक्रम में गया था। कार्यक्रम से लौटते समय टाकरी घाटी के पास दो मोटरसाइकिलों पर सवार 06 अज्ञात बदमाशों ने तलवार एवं छुरी से हमला कर मेवाराम, शैतान कुमार एवं मीठाराम को गंभीर घायल कर दिया। हमले में मेवाराम की मौत हो गई थी। आरोपियों ने मोबाइल फोन एवं पर्स भी लूट लिया था इस कार्रवाई में थानाधिकारी उत्तमसिंह, सहायक उप निरीक्षक अमरसिंह, विजेश कुमार एवं शांतिलाल, कांस्टेबल उम्मेदाराम, भीखाराम, पुष्कर, नवाराम, ललित, प्रभुराम, सीताराम, चालक कांस्टेबल दिनेश कुमार तथा कांस्टेबल लोकेश रायकवाल साइबर सेल उदयपुर शामिल रहे।

# हल्दीघाटी विजय दिवस के 450 वर्ष पूर्ण होने पर मेवाड़ में होगा भव्य आयोजन

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर ।** हल्दीघाटी विजय दिवस के 450 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रताप गौरव केंद्र उदयपुर द्वारा 17 जून 2026 को भव्य आयोजन किया जाएगा। इस ऐतिहासिक आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहनराव भागवत की विशेष उपस्थिति रहेगी। आयोजन को लेकर मेवाड़ अंचल में व्यापक स्तर पर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं तथा गांव-गांव तक संपर्क और निमंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। आयोजन समिति से जुड़े जीवन सिंह सोलंकी एवं भुवनेश्वर श्रीमाली ने बताया कि हल्दीघाटी का युद्ध केवल एक युद्ध नहीं, बल्कि मेवाड़ के स्वाभिमान, पराक्रम और राष्ट्र



गौरव का प्रतीक था। वर्ष 1576 में 18 जून को हुए इस ऐतिहासिक युद्ध में महाराणा प्रताप के नेतृत्व में मेवाड़ के वीरों ने मुगल आक्रांता अकबर की विशाल सेना का डटकर सामना किया था। सीमित संसाधनों और कम सेना होने के बावजूद मेवाड़ के रणबांकुरों ने अदम्य साहस और शौर्य का परिचय देते हुए मुगल सेना को परास्त किया था। उन्होंने बताया कि इतिहास में वर्णित है कि हल्दीघाटी युद्ध के बाद अकबर ने अपने सेनापति का दरबार में आना तक बंद करवा दिया था। महाराणा प्रताप और उनके वीर योद्धाओं के पराक्रम ने पूरे भारत में स्वाभिमान और स्वतंत्रता की अलख जगाई थी। इसी ऐतिहासिक विजय के 450 वर्ष पूर्ण होने पर मेवाड़ की वीरभूमि उदयपुर में यह विशेष आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम में मेवाड़ क्षेत्र से प्रबुद्धजन, विभिन्न क्षेत्रों की विशिष्ट प्रतिभाएं, युवा वर्ग एवं मातृशक्ति बड़ी संख्या में शामिल होगी। आयोजन को सफल बनाने एवं प्रत्येक गांव तक संदेश पहुंचाने के उद्देश्य से केलवा खंड, जिला राजसमंद के कार्यकताओं की बैठक हरिओम उपवन पसूंद में आयोजित की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि गांव-गांव संपर्क कर लोगों को कार्यक्रम का निमंत्रण दिया जाएगा तथा प्रत्येक 8 से 10 गांवों के लिए मंडल रचना कर कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी।

बैठक में एडवोकेट भरत पालीवाल, गंगाराम भील, सुरेश जोशी, हिम्मत सिंह, खुशवंत श्रीमाली, राहुल जोशी, कमलेश पालीवाल, मदन सिंह, नीरज व्यास, हरीश व्यास, महेंद्र कुमावत, प्रकाश रेबारी, भेरू सिंह, भंवर सिंह, भवानीशंकर पालीवाल, भानू पालीवाल, रामसिंह, कालू कीर, भेरूलाल कुमावत सहित विभिन्न मंडलों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आयोजन समिति के अनुसार यह कार्यक्रम केवल विजय दिवस का आयोजन नहीं होगा, बल्कि मेवाड़ की वीरता, संस्कृति, राष्ट्रभक्ति और स्वाभिमान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक प्रेरणादायी प्रयास भी बनेगा।

स्वत्वाधिकारी, संस्थापक, प्रकाशक एवं प्रधान सम्पादक : **पवन मॉंगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय** : गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत – 400067 से अमुद्रित ऑनलाईन प्रकाशित। **मो. नं.** : +91-95945-42679
e-mail :- padmavatmedia@gmail.com / Web : padmavatmedia.in (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट्र होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रूप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।

# खबर संक्षेप

## राजस्थान विद्यापीठ में डिजिटल मार्केटिंग पर कार्यशाला आयोजित

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** जनार्दन राय नागर राजस्थान विद्यापीठ के डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटर साइंस एंड इंफॉर्मेशन




टेक्नोलॉजी में डिजिटल मार्केटिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विद्यार्थियों को डिजिटल तकनीकों, ऑनलाइन उद्यमिता एवं रोजगार के अवसरों की जानकारी दी गई। विभाग निदेशक प्रो. मंजू माण्डोत ने कहा कि डिजिटल मार्केटिंग आज हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है और युवाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर पैदा कर रही है। मुख्य वक्ता रवि वाघेला ने सोशल मीडिया मार्केटिंग, एसईओ, कंटेंट मार्केटिंग, ई-मेल मार्केटिंग एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित तकनीकों पर जानकारी दी। उन्होंने लाइव डेमो के माध्यम से डिजिटल मार्केटिंग की उपयोगिता समझाई। कार्यशाला में विद्यार्थियों ने डिजिटल विज्ञापन, ऑनलाइन प्रमोशन एवं करियर अवसरों से जुड़े सवाल पूछे। कार्यक्रम में विभाग के विभिन्न संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## नगर निगम जयपुर की कार्रवाई, 14 कैंटर सामान जब्त

**जयपुर @ पदमावत मीडिया।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अस्थायी अतिक्रमण हटाने की




कार्रवाई करते हुए 2 हजार रुपये का कैरिंग चार्ज वसूल किया तथा 14 कैंटर सामान जब्त किया। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा के निर्देश पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में खातीपुरा, कालवाड़ रोड, रामगढ़ मोड़, छोटी चौपड़, चांदपोल बाजार, शास्त्री नगर सहित विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाया गया। कार्रवाई के दौरान सड़क किनारे किए गए अस्थायी अतिक्रमण हटवाकर जब्त सामान निगम गोदाम भिजवाया गया। निगम टीम ने अतिक्रमणकताओं को भविष्य में दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी भी दी।

## चाइल्ड हेल्पलाइन ने रुकवाया बाल विवाह

**डूंगरपुर @ पदमावत मीडिया।** चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 को सूचना मिलने पर चोरासी थाना क्षेत्र के आकलिया फला, ग्राम



पंचायत गंधवा में एक नाबालिग बालिका का बाल विवाह रुकवाया गया। सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग डॉ. कल्पित शर्मा ने बताया कि सूचना मिलने पर तहसीलदार झोथरी, चोरासी पुलिस, सृष्टि सेवा समिति एवं चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। जांच में बालिका की उम्र 15 वर्ष 10 माह पाई गई। टीम ने मौके पर बाल विवाह रुकवाकर बालिका के परिजनों को भविष्य में बाल विवाह नहीं कराने के लिए पाबंद किया। साथ ही बालिका को शिक्षा से जोड़ने के निर्देश दिए गए। कार्रवाई में पुलिस जाब्ता, महिला अधिकारिता विभाग, चाइल्ड हेल्पलाइन एवं सृष्टि सेवा समिति के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## टाइम बैंक उदयपुर ने वृद्धाश्रम में कराया भोजन

**उदयपुर @ पदमावत मीडिया।** टाइम बैंक ऑफ इंडिया उदयपुर सिटी के सदस्यों ने



आत्मा द्रौपदी वृद्धाश्रम, तारा संस्थान सेक्टर-14 में सेवा कार्य करते हुए करीब 80 बुजुर्गों को पौष्टिक भोजन परोसा। कार्यक्रम ग्यारस के अवसर पर आयोजित किया गया। टाइम बैंक उदयपुर सिटी एडमिन कृष्ण कांत शर्मा ने बताया कि सेवा कार्य में यू.एस. खंडेलवाल, निर्मला खंडेलवाल, हंसा ताली एवं वी.बी. ताली ने विशेष सहयोग दिया। मीडिया प्रभारी प्रोफेसर विमल शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान आश्रम में पारिवारिक माहौल देखने को मिला।



मंजर देख सिहर उठी थी पूरी यूनिट

'गो गोवा गोन' नहीं ये थी भारत की पहली जॉम्बी मूवी

# शूटिंग के दौरान मिली थी असली लाश

**हॉलीवुड** हो या फिर जैपनीज दर्शक ऐसी फिल्मों के दीवाने हो रहे हैं. इसी क्रेज को देखते हुए हाल ही में यूट्यूबर आशीष चंचलानी ने ऐलान किया कि वो अमेजन प्राइम वीडियो के साथ मिलकर एक जॉम्बी मूवी लेकर आ रहे हैं, जो कॉलेज लाइफ से जुड़ी होगी. लेकिन क्या आप जानते हैं कि, भारत की पहली जॉम्बी फिल्म कौन सी थी और ये कब रिलीज हुई थी?

### कौन सी थी भारत की पहली जॉम्बी मूवी?

ज्यादातर लोगों को साल 2013 में रिलीज हुई सैफ अली खान और कुणाल खेमू की फिल्म 'गो गोवा गोन' के बारे में ही मालूम लेकिन ये भारत की पहली जॉम्बी फिल्म नहीं थी. दरअसल, भारतीय सिनेमा की पहली जॉम्बी फिल्म साल 1972 में आई थी और इसकी शूटिंग के दौरान एक ऐसी घटना घटी थी, जिसे देखकर पूरी यूनिट डर से थरथराने लगी थी. तो चलिए जानते हैं इस फिल्म और शूटिंग के दौरान हुई खौफनाक घटना के बारे में...

### कितना था रामसे ब्रदर्स की इस फिल्म का बजट?

रामसे ब्रदर्स द्वारा बनाई गई इस फिल्म का बजट भी काफी शॉकिंग था. उस समय में इस मूवी को 3.5 लाख रुपए के बजट में 40 दिनों में तैयार किया था. रामसे ब्रदर्स जब इस फिल्म को बना रहे थे, तब पारंपरिक फिल्ममेकर्स ने काफी क्रिटिसाइज किया था, लेकिन रामसे ब्रदर्स ने अपना काम जारी रखा. 'दो गज जमीन के नीचे' के बाद उन्होंने 'पुराना मंदिर', 'वीराना', 'पुरानी हवेली' और 'बंद दरवाजा' जैसी कई फिल्में बनाई, जो काफी पसंद की गई.

### शूटिंग के दौरान हुई थी खौफनाक घटना

आपको बता दें कि, भारत की पहली जॉम्ब फिल्म साल 1972 में आई थी, जिसका नाम 'दो गज जमीन के नीचे' है. इसे एक बी ग्रेड फिल्म का टैग मिला था, लेकिन उस समय लोगों ने इसे काफी पसंद किया था. हालांकि, बहुत कम लोग जानते हैं कि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कई शॉकिंग चीजें हुई थीं, जिसे देखकर पूरी यूनिट सिहर उठी थी. इस दौरान सबसे डरावनी चीज ये हुई थी कि, फिल्म के एक सीन के लिए खुदाई के दौरान एक असली लाश निकल आई थी जिसने हर किसी को हैरान कर दिया था.



असली फेमिनिज्म वही, जहां पुरुष अपनी

# महिला को पहचान बनाने का पूरा मौका दे

टेलीविजन की मशहूर अभिनेत्री रुबिना दिलैक ने हाल ही में नारीवाद और रिश्तों में पुरुष व महिला ऊर्जा के संतुलन पर अपनी राय रखी। उनका कहना है कि असली नारीवाद (फेमिनिज्म) तभी संभव है, जब एक पुरुष अपनी साथी को अपनी पहचान बनाने और आगे बढ़ने का पूरा मौका दे। आईएएनएस के साथ एक खास बातचीत में रुबिना ने कहा, 'जब तक कोई पुरुष अपनी महिला की पहचान को खिलने का मौका नहीं देता, तब तक हम फेमिनिज़्म के बारे में चाहे कितनी भी जोर से क्यों न बात कर लें, यह मुमकिन नहीं है।' उन्होंने इसे आध्यात्मिक नजरिए से भी समझाया। रुबिना ने कहा कि जैसे शक्ति और शिव की ऊर्जा मिलकर संतुलन बनाती है, वैसे ही रिश्तों में भी पुरुष और महिला दोनों की भूमिकाएं बराबर अहम होती हैं। जब शक्ति को अपनी ताकत दिखानी होती है, तब वह सामने आती है और जब शिव को अपनी पुरुष ऊर्जा दिखानी होती है, तब वह नजर आती है। यही दोनों शक्तियों का खूबसूरत संतुलन है। रुबिना ने आगे बताया कि रिश्तों में समय के साथ कई बदलाव आते हैं। कभी एक साथी अपने सपनों को पूरा करने में लगा होता है, तो दूसरा उसका साथ देता है। उन्होंने अपने पति अभिनव शुक्ला का उदाहरण देते हुए कहा कि जिंदगी में कुछ समय ऐसा होगा जब अभिनव अपने काम और सपनों पर ध्यान देंगे और वह उनका साथ देंगी। वहीं कुछ समय ऐसा भी आएगा जब वह अपने सपनों को पूरा करेंगी और अभिनव उनका साथ करेंगे। उन्होंने कहा, 'जब आप इस बात को समझते हैं, तो इससे परिवार के लिए एक मजबूत वैल्यू सिस्टम बनता है। रुबिना जल्द ही टीवी के चर्चित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी के 15वें सीजन में नजर आने वाली हैं। शो की शूटिंग के लिए वह जल्द ही दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन रवाना होंगी। रुबिना ने यह भी बताया कि अपनी जुड़वां बेटियों से 40 दिनों तक दूर रहना उनके लिए एक मां के तौर पर काफी मुश्किल होने वाला है। उन्होंने कहा कि बच्चों से दूर रहकर उनके गले लगने और प्यार को मिस करना आसान नहीं होगा।

तलाक की खबरों से सुर्खियों में मौनी रॉय

# पति को सोशल मीडिया से किया अनफॉलो



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस मौनी रॉय तलाक की अफवाहों से चर्चा में हैं। इसी बीच मौनी रॉय ने सोशल मीडिया से पति को अनफॉलो कर तलाक की खबरों को और तेज कर दिया है। मौनी रॉय के तलाक की खबरें सोशल मीडिया से शुरू हुईं। सामने आया कि कपल को लंबे समय से एक-दूसरे के साथ पब्लिकली स्पॉट नहीं किया गया है। इसी बीच मौनी रॉय की सोशल मीडिया फॉलोविंग और फॉलोवर्स लिस्ट देखने से सामने आया कि वो पति सूरज नांबियार को फॉलो ही नहीं कर रही हैं। ठीक इसी तरह उनके पति भी उन्हें फॉलो नहीं करते। हालांकि ये साफ नहीं है कि ये सिलसिला पहले से चला आ रहा है या कपल ने हाल ही में एक-दूसरे को अनफॉलो किया है। इसके अलावा मौनी का इंस्टाग्राम अकाउंट खंगालने से सामने आया है कि उन्होंने पति के साथ पोस्ट की हुई सभी तस्वीरें हटा दी हैं। साल 2024 तक उनके अकाउंट में पति की कोई तस्वीर ही नहीं है। सूरज नांबियार का इंस्टाग्राम खंगालने पर सामने आया कि वो सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव नहीं हैं। उन्होंने मौनी के साथ आखिरी पोस्ट 2024 में पोस्ट की थी, जिसके बाद उनके अकाउंट की आखिरी पोस्ट अप्रैल 2025 की है।





# कोई रोल छोटा बड़ा नहीं होता

**कुब्रा** सैत आज भले ही 'सैक्रेड गेम्स' में अपने यादगार किरदार 'कुकू' के लिए जानी जाती हों, लेकिन एक समय ऐसा भी था जब वह मुंबई में अपनी पहचान बनाने के लिए संघर्ष कर रही थीं। हाल ही में एक वीडियो में अभिनेत्री ने अपने करियर के शुरुआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उन्हें किस तरह फ़िल्म 'रेडी' में अपना पहला मौका मिला। इस फिल्म का निर्देशन अनीस बज़्मी ने किया था और इसमें मुख्य भूमिका में थे सलमान खान। कुब्रा ने बताया कि उन्होंने इस रोल के लिए एक छोटी ब्लैक ड्रेस पहनकर ऑडिशन दिया था और बेसब्री से अनीस बज्मी के ऑफिस में उनके अप्रूवल का इंतजार कर रही थीं। शुरुआत में फिल्म में उनके किरदार के लिए कोई डायलॉग नहीं था और उन्हें एक मेड का रोल दिया गया था। लेकिन बाद में सलमान खान ने सुझाव दिया कि उनके किरदार को थोड़ा मजेदार बनाया जाए और वह टूटी-फूटी अंग्रेज़ी बोले। अनीस बज्मी को सलमान खान यह आइडिया काफी पसंद आया और इसी वजह से कुब्रा के किरदार में डायलॉग्स जोड़े गए। यही छोटा-सा बदलाव उनके लिए स्क्रीन पर यादगार पल बन गया। अपने अनुभव को साझा करते हुए कुब्रा ने कहा, 'यह वही ऑडिशन था जिसमें मैंने एक छोटी ब्लैक ड्रेस पहनी थी और अनीस बज्मी सर के अप्रूवल का इंतजार कर रही थी। मैं फिल्म 'रेडी' में एक मेड का किरदार निभाने वाली थी और इसे लेकर बहुत उत्साहित थी। इस फिल्म को करते समय मेरे अंदर गज़ब का आत्मविश्वास था, क्योंकि मैंने इससे पहले कभी कोई फिल्म नहीं की थी। शुरुआत में मेरे किरदार के कोई डायलॉग भी नहीं थे। लेकिन फिर सलमान खान ने कहा कि क्यों न इस मेड को टूटी-फूटी अंग्रेज़ी बोलने वाला बनाया जाए। अनीस सर को यह आइडिया पसंद आया और इस तरह मुझे फिल्म में डायलॉग मिले। कुब्रा आगे बताती हैं, 'हालांकि उस दौरान हर किसी ने मुझसे कहा कि मैं पागल हूं, अधीर हूं, जो 'रेडी' में सुनैना कपूर का इतना छोटा रोल कर रही हूं। लेकिन अगर मैंने 'रेडी' नहीं की होती, अगर मैं इतनी 'पागल' नहीं होती, तो शायद मैं कभी 'कुकू' नहीं बन पाती। कभी मत कहो कि कोई रोल छोटा है। छोटे रोल नहीं होते, छोटे कलाकार होते हैं।

# खुद को कैसे फिट और फाइन रखते हैं अमिताभ बच्चन

प्रशंसकों को खुद बताया सीक्रेट

**विश्व** योग दिवस के करीब आने के साथ ही भारत सरकार का आयुष मंत्रालय योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार नए प्रयास कर रहा है। मंत्रालय नए योगासनों की विस्तृत जानकारी, उनके फायदे और सही करने की विधि साझा कर आम लोगों को योग के प्रति लगातार प्रेरित कर रहा है। इसी क्रम में मंत्रालय ने अभिनेता अमिताभ बच्चन का एक वीडियो अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट किया है। पोस्ट किए पुराने वीडियो में अमिताभ बच्चन आमजन को अपने स्वास्थ्य का राज बताते हुए रोजाना योग करने की सलाह दे रहे हैं। मंत्रालय ने वीडियो के साथ कैप्शन लिखा, 'अमिताभ बच्चन से मिली प्रेरणा, जो आज आपको मैट पर ले आएगी यानी आप योगासन के प्रति उत्सुक होंगे। जब इस दिग्गज हस्ती ने खुद एक समृद्ध जीवन का अपना राज साझा किया था।' वहीं, वीडियो में अमिताभ बच्चन स्पष्ट शब्दों में कहते नजर आते हैं, 'मैं हर रोज योग करता हूं। इसने मेरे जीवन को संवारा और समृद्ध किया है। योग को अपनाकर जीवन को उसकी पूरी क्षमता के साथ जिया जा सकता है। ध्यान रखें कि योग हमेशा उचित मार्गदर्शन और परामर्श के साथ ही करना चाहिए। आयुष मंत्रालय का यह कदम विश्व योग दिवस (21 जून) की तैयारियों को और मजबूत बनाता है।

## सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद तेज हुई राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता की मांग, अनिल सक्सेना ललकार ने सांसदों से की एकजुट पहल की अपील

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**जयपुर।** मातृभाषा आधारित शिक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के बाद राजस्थान में राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करने की मांग ने एक बार फिर जोर पकड़ लिया है। ह्य21वीं सदी के राजस्थान साहित्यिक आंदोलनह्ल के संस्थापक एवं प्रवर्तक अनिल सक्सेना ह्यललकारह्ल ने प्रदेश के सभी सांसदों से राजनीतिक मतभेद भुलाकर संसद में राजस्थानी भाषा के पक्ष में एकजुट होकर आवाज उठाने का आह्वान किया है। अनिल सक्सेना ह्यललकारह्ल ने कहा कि राजस्थानी केवल एक बोली नहीं, बल्कि राजस्थान की समृद्ध ऐतिहासिक चेतना, लोक संस्कृति, साहित्य, परंपराओं और जनभावनाओं की पहचान है। उन्होंने कहा



कि वर्षों से प्रदेशभर में चल रहे राजस्थान साहित्यिक आंदोलन के माध्यम से लगातार राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता दिलाने की मांग उठाई जाती रही है और अब सुप्रीम कोर्ट के हालिया फैसले के बाद इस आंदोलन को नई ऊर्जा और मजबूती मिली है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा में शिक्षा को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी देश की भाषाई विरासत और सांस्कृतिक विविधता के सम्मान का प्रतीक है। ऐसे में केंद्र सरकार को करोड़ों राजस्थानी भाषियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए राजस्थानी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल करना चाहिए।

अनिल सक्सेना ह्यललकारह्ल ने बताया कि वर्ष 2010 में चित्तौड़गढ़ से शुरू हुए ह्य21वीं सदी के राजस्थान साहित्यिक आंदोलनह्ल के तहत पिछले डेढ़ दशक में प्रदेश के विभिन्न जिलों में साहित्यिक संवाद, सांस्कृतिक आयोजन, जनजागरण अभियान और साहित्य उत्सव आयोजित किए गए, जिनमें राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता दिलाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया जाता रहा है। उन्होंने कहा कि अब समय केवल आश्वासनों का नहीं, बल्कि निर्णायक पहल का है। यदि राजस्थान के सभी सांसद सामूहिक रूप से संसद में यह मुद्दा मजबूती से उठाएं तो राजस्थानी भाषा को संवैधानिक मान्यता दिलाने की दिशा में बड़ा और ऐतिहासिक परिणाम सामने आ सकता है। उन्होंने प्रदेशवासियों, साहित्यकारों, शिक्षाविदों और युवाओं से भी इस अभियान से जुड़कर अपनी मातृभाषा के सम्मान के लिए आगे आने का आह्वान किया।

## नर्सेज दिवस पर विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों का हुआ सम्मान

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com
संवाददाता : माणकमल भंडारी

**भीनमाल।** अंतरराष्ट्रीय नर्सेज दिवस के अवसर पर नाहर हॉस्पिटल में विभिन्न प्रेरणादायक एवं सम्मान समारोह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नर्सिंग स्टाफ एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े कर्मचारियों के समर्पण, सेवा भावना एवं उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित करना रहा। इस अवसर पर अस्पताल प्रशासन द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले नर्सिंग स्टाफ एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिवार ने नर्सिंग सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मरीजों की सेवा में उनके योगदान की सराहना की। कार्यक्रम में नाहर अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. मुकेश प्रजापत, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. मुख्तियार अली, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. खुशबू चौधरी, बाल रोग विशेषज्ञ




डॉ. अक्षय राजपुरोहित, सर्जन विशेषज्ञ डॉ. आशिष अस्वार, डॉ. विस्मय मोदी, यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. जिगर पटेल, डॉ. लक्ष्य नारंग, दांत रोग विशेषज्ञ डॉ. जगदीश बालोत, पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. कीर्ति के. चौधरी, रेडियोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. भगीरथराम, चेतन दवे सहायक नर्सिंग अधिकारी सहित सभी विभागाध्यक्ष एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। अस्पताल प्रशासन ने कहा कि नर्सिंग स्टाफ स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ है और उनका समर्पण एवं सेवा भावना समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम का समापन सभी कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

## ऑपरेशन विषदमन के तहत कल्याणपुर थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई: 10 हजार रुपये का ईनामी मादक पदार्थ सप्लायर गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**बालोतरा।** जिले में मादक द्रव्यों की तस्करी के मामलों में वांछित फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान ऑपरेशन विषदमन के तहत कल्याणपुर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 10 हजार रुपये के ईनामी मादक पदार्थ सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक बालोतरा रमेश आईपीएस ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरफूलसिंह एवं वृत्ताधिकारी पचपदरा विकास कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी भंवरसिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने थाना मण्डली में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में लंबे समय से फरार चल रहे वांछित आरोपी वोराराम को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

घटना के अनुसार दिनांक 08 फरवरी 2026 को थाना मण्डली पुलिस द्वारा गश्त के दौरान आरोपी सोहनलाल के कब्जे से अवैध डोडा पोस्त बरामद कर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया था।



अनुसंधान के दौरान आरोपी सोहनलाल ने उक्त डोडा पोस्त वोराराम से खरीदना स्वीकार किया था। प्रकरण में वांछित आरोपी वोराराम की लगातार तलाश की जा रही थी, लेकिन गिरफ्तारी नहीं होने पर पुलिस अधीक्षक बालोतरा द्वारा आरोपी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया। आरोपी गिरफ्तारी के भय से विभिन्न स्थानों पर ट्रकों में रहकर लगातार फरारी काट रहा था। तकनीकी एवं मानवीय आसूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सतत प्रयास करते हुए आरोपी को दस्तयाब कर गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी वोराराम पुत्र सुमेरराम, जाति जाट, उम्र 25 वर्ष, निवासी गवालनाडा थाना कल्याणपुर जिला बालोतरा है।

आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना कल्याणपुर में प्रकरण दर्ज होना सामने आया है।

इस कार्रवाई में थानाधिकारी भंवरसिंह, सहायक उप निरीक्षक जामीन खां, कांस्टेबल राजकुमार, विनोद कुमार, ओमदान एवं घनश्याम शामिल रहे।